Volume:1 Issue:19 December 2016

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

## Kanpur Municipal Corporation

स्मार्ट कानपुर स्वच्छ कानपुर

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in,
Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

Volume:1 Issue:19 December 2016

# मासिक ई-न्यूज़लेटर


संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
आरपी सलूजा
महाप्रबंधक,जलकल

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी


## Index


1—स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान हेतु कार्यशाला |

2— शहर को साफ सुधरा रखने हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला |

3 — कारगिल पार्क का निरीक्षण |

4 — कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का गठन |

5 — नगर आयुक्त जी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग |

6 – सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई |

7— नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो की लिस्ट |

8—रैन बसेरा का निरीक्षण |

9-नगर निगम से सम्बंधित प्रकाशित खबरें |


*ई-पत्रिका के सम्बन्ध में किसी प्रकार का सुझाव पर kmcenewsletter@gmail.com मेल किया जा सकता है*

*प्रकाशक — नगर निगम,कानपुर*

# 1- स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान हेतु कार्यशाला




दिनांक 15 दिसम्बर को माननीय महापौर श्री जगत वीर सिंह द्रोण जी की अध्यक्षता में कानपुर नगर के गेस्ट हाउस में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया| जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत पांच सौ सिटी में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 4 से 17 जनवरी तक चलाया जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के बारे में जानकारी देने हेतु शहरी विकास मंत्रालय के एडवाइजर श्री वी०के० चौरसिया जी भारत सरकार की तरफ से आए हुए थे| कार्यशाला में नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह,अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री पंकज श्रीवास्तव, पशु चिकत्सा अधिकारी ए० के० सिंह, जोनल अधिकारी,जोनल स्वास्थ्य अधिकारी , सभी जोन के एस०एफ०आई एवं पार्षदगणों ने प्रतिभाग किया | इस अवसर पर माननीय महापौर श्री जगत वीर सिंह द्रोण जी ने कहा कि पहले से सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है| वर्कशॉप में श्री चौरसिया जी ने बताया की पिछले साल स्वच्छ सर्वेक्षण योजना में 75 शहरो को शामिल किया गया था किन्तु इस वर्ष 500 शहरो को इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण किया जायेगा जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार से शहर का सर्वेक्षण स्वच्छ भारत अभियान से जुडी हुई टीमों द्वारा किया जाना है सर्वेक्षण के अंतर्गत टीम के लोग जनता के बीच जाकर राय लेगी की उनके शहर में सफाई के लिए क्या क्या कदम उठाये गए है और उनसे फीडबैक लेगी| श्री चौरसिया जी ने ये भी बताया की इस सर्वेक्षण के अंतर्गत नंबर भी दिए जायेंगे जिस अधार पर शहर का चयन होगा इसमें 2000 नॉ होंगे जिसमे उन्होंने बताया कि 4 से 17 जनवरी के बीच में स्वच्छ भारत मिशन की टीम बिना सूचना के शहरों में जाकर निरीक्षण करेगी और जनता से भी जानकारी लेगी| इसमें दो हज़ार अंको में 600 अंक जनता द्वारा फीडबैक के है यदि काम हुआ है या नया हुआ है तो अंक मिलेंगी| सर्वेक्षण के लिए एक प्रारूप निर्धारित किया गया है इसी आधार पर शहर की रैंकिंग की जाएगी | कूड़ा निस्तारण, घर.घर से कूड़ा उठाने, सूखा एवं गीला अपशिष्ट निस्तारण के प्रबंधन की जानकारी,व्यवस्था, खुले में शौच मुक्त शहर को बनाया जाना ,व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति, सामुदायिक शौचालयों की स्थिति, स्वच्छता के प्रति लोगो की सोच व व्यवहार में परिवर्तन लानेके लिए अपनाए जाने वाले तरीकों की जानकारी सम्बंधित के नंबर है |कार्यक्रम में मौजूद पार्षदों ने शौचालय के निर्माण में आने वाली शिकायत की | श्री चौरसिया जी ने कहा की समस्याओ का निस्तारण किया जायेगा|

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन*

## 2. शहर को साफ सुधरा रखने हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला




दिनांक 27 व 28 दिसम्बर को नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कानपुर नगर निगम सभागार में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया| जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत अफसरों को अपने कार्यो के प्रति जागरूक करना था |ओरिएनटेशन प्रोग्राम में भारत सरकार की तरफ से पूर्व आई०ए०एस अफसर श्री राकेश मैत्रेय जी ने शिरकत किया| कार्यशाला में नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, जलकल महा प्रबंधक श्री आरपी सिंह, मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री पंकज श्रीवास्तव, पशु चिकत्सा अधिकारी ए० के० सिंह, जोनल अधिकारी,जोनल स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जोन के एस०एफ०आई ने प्रतिभाग किया | इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह जी ने कहा की शहर की तस्वीर बदलने की जिम्मेदारी नगर निगम में कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों की है| दायित्यो को समझना होगा और उनको पूर्ण करने के लिए हमे मन लगा क्र काम करना होगा तभी अपना शहर साफ सुधरा होगा और अपने शहर को मिशाल के तौर में पेश कर सकेंगे| हमें अपने भारत सरकार से आए हुए श्री राकेश मैत्रेय जी ने नगर निगम के अफसरों को स्वच्छता के लिए कई टिप्स दिए, एवं कहा की शहर को साफ.सुथरा रखने के लिए अफसरों को अपनी ड्यूटी समझनी होगी| यू ही शहर स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता| पब्लिक के साथ जब तक इस काम में खुद को नहीं जोड़ा जायेगा,तब तक भारत स्वच्छता मिशन का मकसद पूरा नहीं हो सकता है| और उन्होंने ये भी कहा की अफसर खुद भी सफाई के प्रति जागरूक हो और जनता को भी जागरूक करे, जब लोग सोके उठते है तब शहर साफ हो चूका होता है ऐसे में उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ी है सफाई के साथ लोग को भी प्रेरित करते जाए की एक बार गन्दगी उठ जाने के बाद न फेके बल्कि कंटेनर या कूड़ाघर में डाले| बिना जागरूकता के स्वच्छ भारत अभियान अधुरा है एवं घरो में जाकर किस तरह लोगो को जागरूक करेंगे |शुरू में दिक्कत होगी| सफाई दूत बनकर उनसे सम्बन्ध प्रगाढ करना है|



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके।
पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 3. कारगिल पार्क का निरीक्षण



दिनांक 20.12.2016 को नगर निगम के नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा प्रभारी अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता एवं अवर अभियंता आर०के०सिंह के साथ कारगिल पार्क में चल रहे सिविल कार्य एवं पार्क की सफाई आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मोतीझील स्थित कारगिल पार्क स्थित झील में विवेकानन्द जी की मूर्ति लगाये जाने का कार्य होते पाया गयाए स्थल पर श्री एस0 आर0 मगरैया अवर अभियंता जोन.4 व सम्बन्धित ठेकेदार उपस्थित मिले प्लेटफार्म बनाये जाने का कार्य चल रहा है| अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 20 दिन पश्चात प्लेटफार्म पर स्लैब डालने का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा, स्लैब डालने के पश्चात लगभग 15 दिन पश्चात पैडस्टल बनाये जाने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। नगर आयुक्त महोदय द्वारा यहाँ भी निर्देशित किया कि कारगिल पार्क में विवेकानन्द जी की मूर्ति लगाये जाने के कार्य को तीव्र गति से कराया जाये| ताकि समयान्तर्गत कार्य पूर्ण हो सके । समय—समय पर मुख्य अभियंता/जोनल अभियंता जोन.4 द्वारा औचक निरीक्षण किया जाये तथा यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि समस्त कार्य मानक के अनुरूप कराये जायेंए कार्य के दौरान प्रयुक्त मैटेरियल की समय.समय पर जांच कराई जाये । कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।निरक्षण के दौरान नगर आयुक्त जी ने पार्क को सही ढंग से सफाई एवं पार्क में लगे पेड़ पौधों को समय समय पर कटाने एवं उनकी सही ढंग से देखभाल करने के निर्देश उद्यान अधीक्षक श्री वी०के०सिंह को दिया |

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## *4* -कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का गठन

शहर के विकास के लिए कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का गठन केन्द्र सरकार ने कर दिया है। स्पेशल परपज व्हीकल के रूप् में कंपनी काम करेगी। मिनिस्ट्री आफ कारपोरेट अफेयर के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा निगमन प्रमाण पत्र दिनांक ८ दिसंबर २०१६ को जारी कर दिया है। कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में श्री मोहम्मद इफ्तेखारुद्दीन मंडलायुक्त जी चेयरमैन, नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह जी सीईओ और श्री विशाल भारद्वाज जी अपर निदेशक (स्मार्ट सिटी) नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ, श्रीमती जयश्री भोज जी केडीए उपाध्यक्ष, श्री अवधेश कुमार गुप्ता जी अपर नगर आयुक्त, श्री योगेश हजेला जी केसा विघुत वितरण मंडल , श्री ए०के० त्यागी जी मुख्य अभियन्ता जल निगम, श्री अशोक कुमार जी सहयुक्त नियोजक नगर व ग्राम नियोजन विभाग व श्री सर्वानन्द सिंह जी यादव पुलिस अधीक्षक यातायात कंपनी के सदस्य है।

कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का प्रमुख कार्य का विवरण निम्नवत है:-

- कंपनी का काम स्मार्ट सिटी विकास परियोजना में योजना बनाना, मूल्यांकन, अनुमोदन, जारी निधियों,कार्यान्वयन, प्रबंधन, संचालन, निगरानी व आकलन करना होगा।
- कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पहले पांच वार्डों खलासी लाइन, सिविल लाइन्स, सूटरगंज, ग्वालटोली व परमट वार्ड को मॉडल के तौर पर विकसित करना है। बाद में योजना को हर वार्ड मे लागू किया जाएगा। इसके तहत 15.69 अरब रूपये का खाका तैयार किया गया है।
- कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से शहर में मल्टीलेवल पार्किग, पार्क, ई—पाठशाला, पाथ.वे, साइकिल ट्रेक, सामुदायिक शौचालय, पाइपों व केबिल के लिए डक्ट और वाई.फाई की सुविधा होगी। लोगों को 24 घंटे विजली पानी मिलेगी। सफाई के लिए जगह.जगह डस्टबिन रखे जाएगें।
- 7.42 अरब रूपये से पूरे शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। कूडा निस्तारण व डिजिटल विज्ञापन बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी।
- इसके अलावा चुन्नीगंज वर्कशॉप में बिजनेस हब, शापिंग कांप्लेक्स और परेड में स्किल डेवलपमेंट सेंटर व शापिंग कांम्प्लेक्स बनेगा।

## 5-नगर आयुक्त जी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग



नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह जी ने जोन.5 सी0ब्लाक पनकी के अन्तर्गत श्री राम वाटिका पार्क गुड मोर्निंग ग्रुप द्वारा कराये गए वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया| पार्क की बांउड्री के किनारे झाड़ु लगते पाई गई| क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा अवगत कराया गया कि पार्क में लगा फौव्वारा खराब है। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्क का विकास पूरे समाज के लिए है| अतएव क्षेत्रीय नागरिकण श्रमदान कर पार्क को हरा.भरा, सुन्दर व स्वच्छ रखेंए,अपेक्षित सहयोग नगर निगम से मिलता रहेगा। साथ ही निदेश दिया कि पार्क में लगे फौव्वारे को अविलम्ब चालू कराया जाये, पार्क के पेड़.पौधों में नियमित पानी दिया जाये। पार्क में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये।इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, उद्यान अधीक्षक श्री वी०के०सिंह एवं प्रभारी जोनल -5 श्री विनय राय भी मौजूद रहे |

## 6-सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा 31.12.16 को सेवा निवृत्त हुए 20 कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त श्री राकेश कुमार गुप्ता , मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 7– नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो की लिस्ट

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–5 वार्ड–17 पनकी साइड पॉच में रोड नं0–6 में फैक्ट्री सं0 एफ–57 से एफ 75 तक साइड पटरी का सुधार कार्य। | 3219408 |
| 2 | जोन–3 वार्ड–90 के अन्तर्गत एन ब्लाक में म0नं0– 8 से 12 एवं 21 से 28 तक सडक का सुधार कार्य। | 1993184 |
| 3 | जोन–5 वार्ड–38 फजलगंज गिरधर कम्पाउण्ड 76ए के पास सडक का सुधार कार्य। | 3572192 |
| 4 | जोन–2 वार्ड–19 गौरिया में शिवकुमार के मकान से कुँआ तक टाइल्स द्वारा सडक व नाली का सुधार कार्य। | 1192924 |
| 5 | जोन–3 वार्ड–55 के अन्तर्गत म0नं0–128/156 से 128/169 एवं 128/75 से 128/88 एच ब्लाक तक सडक फुटपाथ एवं नाली का सुधार कार्य। | 2270927 |
| 6 | जोन–6 वार्ड–20 नारामऊ अन्तर्गत दयानन्द बिहार में विकास ज्ञान मन्दिर रोड एम0आई0जी0 53 से ई0डब्ल्यू0एस0–128 श्री दिनेश पाल तक सडक, नाली एवं फुटपाथ का सुधार कार्य। | 1021318 |
| 7 | जोन–3 वार्ड–75 के अन्तर्गत तिकोनियां पार्क की मरम्मत व सुधार कार्य। | 1158362 |
| 8 | जोन–2 के अन्तर्गत विराट नगर में जी0टी0 रोड से दुर्गा मन्दि होते हुये सिद्धनाथ कुशवाहा के मकान तक रोड का सुधार कार्य। | 3189600 |
| 9 | जोन–6 वार्ड–09 अन्तर्गत विष्णुपुरी में रामचन्द्र चौराहा से बीमा चौराहा तक प्लाण्ट द्वारा सडक का सुधार कार्य। | 1124286 |
| 10 | जोन–6 वार्ड–63 गीतानगर अन्तर्गत रिहाना में सुलभ काम्प्लेक्स से 120 फिट सडक तक सडक का सुधार कार्य। | 1075704 |
| 11 | जोन–6 वार्ड–57 नवीन नगर के अन्तर्गत बकरमण्डी से एकता स्वीट हाउस होते हुये त्रिवेणी मार्केट तक टाइल्स द्वारा फुटपाथ का सुधार कार्य। | 1141138 |
| 12 | जोन–6 वार्ड–63 गीतानगर अन्तर्गत शोरा गोदाम में 9 नं0 क्रासिंग से यू0पी0 लेमीनेटर फैक्ट्री तक सडक, नाली एवं फुटपाथ का सुधार कार्य। | 994239 |
| 13 | जोन–2 वार्ड–53 में मेरी जीसस रोड पर हरिकरन चौराहे से देहली शिव मन्दिर रोड पर सडक का सुधार कार्य। | 2487753 |
| 14 | जोन–2 वार्ड–48 में गायत्री पार्क की वाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य। | 1343448 |
| 15 | जोन–3 वार्ड–58 के अन्तर्गत आनन्द बिहार श्रीराम पार्क में वाउण्ड्री ऊँची करने व ग्रिल लगाने का कार्य। | 757546 |

# 8-रैन बसेरा का निरीक्षण



दिनांक 16.12.2016 को शहर में बढ़ते हुए शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए नगर आयुक्त महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह जी द्वारा नगर निगम के जोन-4 के अन्तर्गत चुन्नीगंज रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया, रैन बसेरा के बाहर नाली के किनारे चूना छिड़काव पाया गया, रैन बसेरा के कमरों में तख्त पड़े हुए हैं, बाथरूम में धुलाई कार्य होते पाया गया, मौके पर उपस्थित अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि कल दिनांक 15.12.2016 को कुल 33 आश्रयहीन व्यक्ति रैन बसेरा में रूके थे, जिनका अंकन रजिस्टर में किया गया है, आवश्यक सामग्री कम्बल, चादर आदि उपलब्ध हैं। रैन बसेरा में लगा हैण्डपम्प खराब है, जो कि नया लगा प्रतीत हो रहा है, ऐसी स्थिति से स्पष्ट है कि सरकारी धन का अपव्यय किया जा रहा है, अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि हैण्डपम्प प्रोजेक्ट डिवीजन सेकेन्ड, उ0प्र0 जल निगम, काकादेव, कानपुर द्वारा लगवाया गया है। निर्देशित किया जाता है कि नियमित सफाई व्यवस्था व अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। रजिस्टर में आश्रयहीन व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नम्बर, आने-जाने का समय अनिवार्य रूप से लिखा जाये, हस्ताक्षर अथवा अंगूठा लगवाया जाये, आइडेन्टी कार्ड भी देखा जाये, यदि कार्ड नहीं है तो पता पूछा जाये। रजिस्टर को प्रतिदिन जोनल अभियंता/ सहायक अभियंता/अवर अभियंता द्वारा सत्यापित किया जाये तथा कार्यरत कर्मचारी समय से कार्य पर उपस्थित रहें। रैन बसेरा में आने वाली आश्रयहीन महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था करते हुए सुनिश्चित कराये कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। श्री बृज लाल पटेल, अवर अभियंता जोन-4 द्वारा जल निगम के सम्बन्धित अभियंता से समन्वय स्थापित कर रैन बसेरा में लगे हैण्डपम्प की पत्रावली आज ही अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया । इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री पंकज श्रीवास्तव एवं अवर अभियंता आर०के०सिंह भी मौजूद रहे ।

## 9– नगर निगम से सम्बंधित प्रकाशित खबरें

# कूड़ा निस्तारण के लिए 250 करोड़ तक देगा केंद्र

**अमर उजाला ब्यूरो**

कानपुर।

शहरी विकास मंत्रालय के एडवाइजर वीके चौरसिया ने गुरुवार को यहां बताया कि इस शहर में कूड़ा निस्तारण के लिए केंद्र सरकार ढाई सौ करोड़ रुपये तक दे सकती है। बशर्ते नगर निगम इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार के माध्यम से भेजे।

नगर निगम गेस्ट हाउस में पार्षदों की कार्यशाला को मुख्य वक्ता वीके चौरसिया ने बताया कि कूड़ा प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार योजना की लागत का 35 फीसदी धन देती है। 50 फीसदी धन राज्य सरकार और शेष 15 प्रतिशत नगर निगम को जुटाना रहता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 4 जनवरी से 17 जनवरी तक 500 शहरों की रैंकिंग होगी। केंद्र सरकार की विशेष टीमें इन शहरों में निरीक्षण करने के साथ दस्तावेजों की जांच-पड़ताल करेगी।

### धन मिलता नहीं, कैसे बनवाएं शौचालय

नगर निगम गेस्ट हाउस में गुरुवार को आयोजित बैठक में पार्षदों ने शहरी विकास मंत्रालय के एडवाइजर वीके चौरसिया से शौचालय बनवाने में आड़े आ रही दिक्कतें बताईं। नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह ने तीन-चार दिन में दिक्कतों को दूर कराने की बात कही। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस बैठक में सनिगवां के पार्षद बाबूराम सोनकर ने कहा कि उनके वार्ड में कई गांव हैं। शौचालय के लिए फार्म भरे, लेकिन एक भी नहीं बना। दर्शनपुरवा के पार्षद राकेश साहू ने हातों में सामुदायिक शौचालय बनवाने पर जोर दिया। फजलगंज के पार्षद अब्दुल कलाम ने बताया कि उन्होंने छह एकल शौचालय बनवाने के लिए आवेदन कराए थे, पर पैसा नहीं मिला। जूही के पार्षद सुनील कनौजिया ने 40 शौचालयों के लिए आवेदन कराने के बावजूद किसी के लिए भी पैसा न मिलने की शिकायत की।

# ड्यूटी को समझें नगर निगम अफसर

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए अफसरों को अपनी ड्यूटी समझनी होगी। यूं ही शहर स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता। पब्लिक के साथ जब तक इस काम में खुद को नहीं जोड़ा जाएगा तब तक भारत स्वच्छता मिशन का मकसद पूरा नहीं हो सकता। यह कहना है कि दिल्ली से आए आईएफएस अफसर राजेश मैत्रेय का।

बुधवार को नगर निगम के सभागार में भारत स्वच्छता मिशन के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में आए राजेश मैत्रेय ने निगम के अफसरों को स्वच्छता के लिए कई टिप्स दिए। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के दौरान घटी एक घटना को उदाहरण दिया। बताया कि सड़क हादसे में घायल एक भारतीय को अंग्रेज ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। जब वह भारतीय ठीक हो गया तो अंग्रेज को बुके देने पहुंचा। थैंक्स कहा। इस पर अंग्रेज ने कहा कि यह थैंक्स न दीजिए, इसके बदले आप भी ऐसे किसी घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा दीजिएगा, जो आपके रास्ते में पड़े। तब मैं समझूंगा कि आप शुक्रगुजार हैं।

इस पर भारतीय नागरिक ने हामी भरी और वहां से रवाना हो गया। बस इसी तरह का फर्ज सभी को समझने की जरूरत है। इस प्रोग्राम में नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज श्रीवास्तव समेत कई अफसर मौजूद थे।



नगर निगम के सभागार के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में सफाई के टिप्स देते अफसर।

# शहर के विकास को स्मार्ट सिटी लिमिटेड का गठन

- रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज ने प्रमाणपत्र किया जारी
- स्पेशल पंरपज व्हीकल के रूप में केंद्र ने बनाई कंपनी
- दिसंबर के अंत में बुलाई जाएगी बोर्ड बैठक

कानपुर, जागरण संवाददाता : शहर के विकास के लिए कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का गठन केंद्र सरकार ने कर दिया है। स्पेशल परपज व्हीकल के रूप में कंपनी काम करेगी। दिसंबर के अंत तक कंपनी की बोर्ड बैठक बुलाई गई है। मिनिस्ट्री ऑफ कारपोरेट अफेयर के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा निगमन प्रमाण पत्र आठ दिसंबर को जारी कर दिया।

**एसपीवी कंपनी के सदस्य :** मंडलायुक्त चेयरमैन, नगर आयुक्त सीईओ और मिशन निदेशक (स्मार्ट सिटी), नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ, केडीए उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय नगर व पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ निदेशक, विद्युत वितर मंडल मुख्य अभियंता, जल निगम मुख्य अभियंता, नगर व ग्राम नियोजन विभाग के सहायक नियोजक व पुलिस अधीक्षक यातायात सदस्य है।

**कंपनी का काम होगा :** एसपीवी का काम स्मार्ट सिटी विकास परियोजना में योजना बनाना, मूल्यांकन, अनुमोदन, जारी निधियों, कार्यान्वयन, प्रबंधन, संचालन, निगरानी व आकलन करना होगा।

**पहले पांच वार्ड बनेंगे मॉडल :** पहले पांच वार्डों खलासी लाइन, सिविल लाइंस, सूटरगंज, ग्वालटोली व परमट वार्ड को मॉडल के तौर पर विकसित करना है। बाद में योजना को हर वार्ड में लागू किया जाएगा। इसके तहत 15.69 अरब रुपये का खाका तैयार किया गया है।

**यह होंगे काम :** मल्टीलेवल पार्किंग, पार्क, ई-पाठशाला, पाथ-वे, साइकिल ट्रैक, सामुदायिक शौचालय, पाइपों व केबिल के लिए डक्ट और वाई-फाई की सुविधा होगी। लोगों को 24 घंटे बिजली-पानी मिलेगा। सफाई के लिए जगह-जगह डस्टबिन रखे जाएंगे।

**7.42 अरब रुपये से यह व्यवस्था :** पूरे शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। कूड़ा निस्तारण व डिजिटल विज्ञापन बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा चुन्नीगंज वर्कशॉप में बिजनेस हब, शॉपिंग कांप्लेक्स और परेड में स्किल डेवलपमेंट सेंटर व शॉपिंग कांप्लेक्स बनेगा।

# कानपुर स्मार्ट सिटी कंपनी का रजिस्ट्रेशन

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

आखिरकार कानपुर स्मार्ट कंपनी लिमिटेड का कंपनी एक्ट में रजिस्ट्रेशन हो गया। केंद्र सरकार के कंपनी मामलों के मंत्रालय ने यहां नगर निगम को प्रमाण पत्र भेज दिया है। उसी बोर्ड के गठन की स्वीकृति दे दी गई है जिसका प्रस्ताव नगर निगम ने बनाया था। इसके साथ ही शहर को स्मार्ट बनाने की आखिरी बाधा समाप्त हो गई है। अब यही कंपनी शहर को हाईटेक व स्मार्ट बनाने के प्रोजेक्ट पर काम करेगी।

कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (केएससीएल) के बोर्ड का गठन पिछले माह कर दिया गया था। केंद्र ने कंपनी के नौ सदस्यीय बोर्ड को लिखित तौर पर मंजूरी दे दी है। इससे नगर निगम समेत बोर्ड के सदस्यों ने राहत की सांस ली है। बोर्ड की पहली बैठक की तैयारी भी शुरू हो गई है। इसकी तिथि निर्धारित करने के लिए सभी सदस्यों को पत्र भेजे जा रहे हैं। बैठक में दो और सदस्य नामित किए जाएंगे। मौजूदा बोर्ड के अध्यक्ष कमिश्नर मो. इफ्तेखारुद्दीन हैं जबकि नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह सीईओ बन गए हैं। इसमें अध्यक्ष को छोड़कर बाकी सभी सदस्य हैं। प्रशासनिक कार्य देखने के कारण नगर आयुक्त का पद सीईओ का होगा। बाकी सात सदस्यों में नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक, केडीए उपाध्यक्ष, केस्को के चीफ इंजीनियर, जल निगम के मुख्य अभियंता, सहयुक्त नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, क्षेत्रीय पर्यावरण अध्ययन केंद्र के निदेशक व एसपी ट्रैफिक शामिल हैं।

### कंसल्टेंट को जिम्मा

बोर्ड की पहली बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट की स्वीकृति होगी। बाद में इसी कंसल्टेंट की जिम्मेदारी शहर को स्मार्ट बनाने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने की होगी। कंपनी रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम ने 2.16 लाख कॉरपोरेट वेलफेयर मिनिस्ट्री के खाते में जमा कराए थे। 1.59 लाख रुपए केवल रजिस्ट्रेशन के लिए थे, बाकी रकम बोर्ड के सभी सदस्यों के डिजिटल सिग्नेचर के लिए।

### ट्रैफिक पर ज्यादा जोर

कंपनी एक्ट में रजिस्ट्रेशन से शहर के विकास की राह खुल गई है। हमारा सबसे ज्यादा जोर ट्रैफिक व विभिन्न मार्गों को सुव्यवस्थित करने पर होगा। इसके अलावा जल निकासी, सीवेज, बिजली व चौराहों समेत वार्डों को सुनियोजित ढंग से बसाने पर होगा।

–उमेश प्रताप सिंह, नगर आयुक्त